प्रथमः पाठः

1

# संस्कृत वर्णमाला
## (Sanskrit Alphabet)

वर्णों के क्रमबद्ध समूह को "वर्णमाला" कहते हैं।

भाषा की वह छोटी-से-छोटी ध्वनि जिसके और टुकड़े न किए जा सके, वर्ण कहलाती है। जैसे— अ, ओ, क्, म्, च् आदि।

प्रत्येक भाषा की एक वर्णमाला और एक लिपि होती है। 'हिन्दी' और 'संस्कृत' भाषा की लिपि 'देवनागरी' है।

### वर्णों के प्रकार (Kinds of Letter)

वर्ण तीन प्रकार के होते हैं।

1. स्वर 2. व्यञ्जन 3. अयोगवाह

1. **स्वर (Vowels)—** वे वर्ण जिनके उच्चारण में किसी अन्य वर्ण की सहायता न लेनी पड़े, स्वर कहलाते हैं। संस्कृत में इनकी संख्या तेरह (13) होती हैं।

स्वर

| हृस्व (अ, इ, उ, ऋ, ऌ,) | दीर्घ (आ, ई, ऊ, ॠ) | संयुक्त (ए, ऐ, ओ, औ) |
|---|---|---|

**( क ) हृस्व स्वर (Short vowels) –** इन्हें मूल स्वर भी कहते हैं। इनकी संख्या पाँच (5) है— अ, इ, उ, ऋ, ऌ।

**( ख ) दीर्घ स्वर (Long vowels) –** जिन स्वरों के उच्चारण में हृस्व स्वर से दुगुना समय लगता है। वे स्वर दीर्घ स्वर कहलाते हैं। इनकी संख्या चार (4) है। आ, ई, ऊ, ॠ।

**( ग ) संयुक्त स्वर (Conjunct vowels) –** संयुक्त स्वर दीर्घ स्वरों के अंतर्गत ही आते है इनकी संख्या चार (4) है। ए (अ + इ), ऐ (आ + ई), ओ (अ + उ), औ (आ + ऊ)।

उपर्युक्त के अतिरिक्त संस्कृत में एक प्लुत् स्वर 'ॐ' भी होता है। इसके उच्चारण में दीर्घ से भी अधिक समय लगता है। इसको लिखते समय इसके वर्णों के बीच में 'ऽ' लगा दिया जाता है; जैसे– 'ओऽम्'।



Scanned with CamScanner

2. **व्यञ्जन (Consonants)**— वे वर्ण जिनके उच्चारण में स्वर की सहायता लेनी पड़े, व्यञ्जन कहलाते हैं व्यञ्जन तीन प्रकार के होते हैं।

व्यञ्जन

| स्पर्श व्यञ्जन (क् से म् तक) | अन्तःस्थ व्यञ्जन (य्, र्, ल्, व्) | ऊष्म व्यञ्जन (श्, ष्, स्, ह्) |
|---|---|---|

**(क) स्पर्श व्यञ्जन (Mutes consonants)** – इनकी संख्या पच्चीस (25) है। ये पाँच वर्गों में विभाजित हैं।

| | |
|---|---|
| क वर्गः | क्, ख्, ग्, घ्, ङ् |
| च वर्गः | च्, छ्, ज्, झ्, ञ् |
| ट वर्गः | ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण् |
| त वर्गः | त्, थ्, द्, ध्, न् |
| प वर्गः | प्, फ्, ब्, भ्, म् |

**(ख) अन्तःस्थ व्यञ्जन (Semi vowels)** – इनकी संख्या चार (4) है। य्, र्, ल्, व्।

**(ग) ऊष्म व्यञ्जन (Sibilants)** – इनकी संख्या चार (4) है। श्, ष्, स्, ह्।

3. **अयोगवाह (Improper Letters)**— जो वर्ण न स्वर होते हैं और न ही व्यञ्जन, अयोगवाह कहलाते हैं। अयोगवाह के दो भेद होते हैं।

**(क) अनुस्वार (Nasal) ( ं )** – स्पर्श व्यञ्जन के पाँचवें वर्ण के स्थान पर इसका प्रयोग किया जाता है जैसे— कंस, वंश, संस्कृति, संन्यास आदि।

**(ख) विसर्ग (Visarga) ( : )** – इसका उच्चारण शब्द के अन्त में 'ह्' की तरह होता है। जैसे— छात्रः, कृषकः, वानरः, मयूरः आदि।

**संयुक्त व्यञ्जन (Conjunct Consonants)** – जो व्यञ्जन दो या दो से अधिक व्यञ्जनों को जोड़कर बनाए जाते हैं, उन्हें संयुक्त व्यञ्जन कहते हैं।

क् + ष् + अ = क्ष

श् + र् + अ = श्र

त् + र् + अ = त्र

द् + य् + अ = द्य

ज् + ञ् + अ = ज्ञ



Scanned with CamScanner

**वर्ण संयोजन (Arranging of Letters) –** स्वर और व्यञ्जन वर्णों को आपस में जोड़ने की प्रक्रिया को वर्ण संयोजन कहते है।

| | |
|---|---|
| क् + अ + म् + अ + ल् + अ + म् | कमलम् |
| न् + अ + द् + ई | नदी |
| भ् + अ + ग् + इ + न् + ई | भगिनी |
| व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ | विद्यालय |

**वर्ण-विच्छेद (Disjoining of Letters) –** स्वर और व्यञ्जन वर्णों को अलग-अलग करना ही वर्ण विच्छेद कहलाता है।

याचकः ⟶ य् + आ + च् + अ + क् + अः

कृषकः ⟶ क् + ऋ + ष् + अ + क् + अः

श्रीमान ⟶ श् + र् + ई + म् + आ + न् + अ

विद्यार्थी ⟶ व् + इ + द् + य् + आ + र् + थ् + ई

**स्मरणीयम् (Memorable)**

| | | |
|---|---|---|
| वर्ण | = | भाषा की छोटी से छोटी ध्वनि। |
| स्वर | = | बिना किसी वर्ण की सहायता के उच्चारित वर्ण। |
| व्यञ्जन | = | स्वर की सहायता से उच्चारित वर्ण। |
| अयोगवाह | = | वे वर्ण जो न स्वर है और न ही व्यञ्जन। |
| संयुक्त व्यञ्जन | = | दो या अधिक वर्णों के मेल से बने व्यञ्जन। |

## अभ्यास कार्यम् (Exercise)

1. **एकपदेन उत्तरत (एक पद में उत्तर दीजिए) *(Answer in one word)***

(क) स्वराः कति सन्ति?

_______________

(ख) व्यञ्जन वर्णाः कति सन्ति?

_______________

(ग) स्पर्श व्यञ्जनानां संख्या कति सन्ति?

_______________



Scanned with CamScanner

(घ) य्, र्, ल्, व्, कस्य भेदं सन्ति?

_______________

(ङ) 'ग्' कस्य वर्गस्य वर्णः अस्ति?

_______________

2. **उचितपदानि चित्वा रिक्तस्थानानि पूरयत** *( उचित पद छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए )। (Fill in the blanks with right options)*

(क) ह्रस्वः स्वरः _______ अस्ति। ( इ / ऊ )

(ख) संस्कृत भाषायां _______ स्वराः सन्ति। ( एकादश / त्रयोदश )

(ग) अनुस्वारः विसर्गः च _______ भवतः। ( अयोगवाहः / व्यञ्जनः )

(घ) स्पर्श व्यञ्जनानां संख्या _______ सन्ति। ( पञ्चविंशतिः / विंशतिः )

(ङ) एकस्मिन् वर्गे _______ वर्णाः भवन्ति। ( पञ्च / चत्वारः )

3. **व्यञ्जनैः सह स्वरान् मेलयत ( व्यञ्जनों के साथ स्वरों को मिलाइए )** *(Join the consonants with vowels)*

(क) क् + ऋ = _______

(ख) श् + र् + अ = _______

(ग) द् + य् + अ = _______

(घ) प् + औ = _______

(ङ) त् + ऊ = _______

(च) न् + ई = _______

(छ) क् + ए = _______

(ज) ग् + ऐ = _______

4. **वर्णसंयोजनम् कुरुत ( वर्ण संयोजन कीजिए )** *(Join the letters)*

(क) व् + अ + र् + ण् + अ + न् + अ + म् = _______

(ख) श् + इ + क् + ष् + अ + क् + अः = _______

(ग) क् + ऋ + ष् + अ + क् + अः = _______

(घ) म् + इ + त् + र् + आ + ण् + इ = _______

5. **वर्णविच्छेदम् कुरुत ( वर्ण - विच्छेद कीजिए )** *(Separate the letters)*

(क) चित्राणि – _______

Scanned with CamScanner

(ख) वानरः –

(ग) पुस्तकम् –

(घ) विद्वान् –

**6. शुद्धं विकल्पं चिनुत ( शुद्ध विकल्प चुनिए ) (Choose the right option)**

(क) 'ऌ' इति वर्णः अस्ति?

(i) स्वरः ◯ (ii) व्यञ्जनम् ◯ (iii) अयोगवाहः ◯ (iv) स्पर्शः ◯

(ख) म + ऊ भवति?

(i) मु ◯ (ii) मू ◯ (iii) म् ◯ (iv) मृ ◯

(ग) श् + र् + अ भवति?

(i) क्ष ◯ (ii) क्ष् ◯ (iii) श्र ◯ (iv) श्र् ◯

(घ) 'ह्' वर्णः भवति?

(i) अन्तस्थः ◯ (ii) ऊष्मः ◯ (iii) स्पर्शः ◯ (iv) संयुक्तः ◯

(ङ) ॠ इति वर्णः अस्ति?

(i) दीर्घ स्वरः ◯ (ii) ह्रस्व स्वरः ◯ (iii) संयुक्त स्वरः ◯ (iv) प्लुत स्वरः ◯

## क्रियाकलाप (Activity)

1. अपनी कक्षा में से उन छात्रों के नाम छाँटकर लिखिए जिनके नाम में अनुस्वार का प्रयोग होता है।
2. अपने मित्रों के नामों का वर्ण – विच्छेद कीजिए।



Scanned with CamScanner